>

Title: Need to appoint Vice-Chancellor in Central University, Jammu.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): महोदय, आपकी परमीशन से जीरो आवर में बोलने का मौका मिला है, मैं एक बड़ी महत्वपूर्ण तकलीफ सुनाना चाहूंगा। जम्मू-कश्मीर में दो सेंट्रल यूनिवर्सिटीज आई, एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी कश्मीर चली गयी और दूसरी जम्मू चली गयी। कश्मीर में वीसी तैनात हो गया और कश्मीर यूनिवर्सिटी का साल शुरू हो गया और वह कश्मीर का ही लगा। जम्मू में जो सेंट्रल यूनिवर्सिटी थी, उसके लिए वीसी तैनात नहीं हुआ, जिस व्यक्ति को तैनात किया गया, उससे पंगा हो गया, जम्मू बंद होने की बारी आई, क्योंकि वह बाहर से लाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जब आप इंसाफ करते हो, तो सबके लिए एक जैसा इंसाफ होना चाहिए। जम्मू की सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बच्चों का, जम्मू के बच्चों का पहला साल खाली चला गया।

यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इस बात का इन्तेहाइ दुख है कि अभी तक जम्मू में सेंटर यूनिवर्सिटी में कोई वी.सी. नियुक्त नहीं हुआ है। अगर वी.सी. नियुक्त नहीं कर सकते थे तो कोई सीईओ या प्रो चांसलर की ही नियुक्ति कर देते, जिससे बच्चों का साल खराब न होता। अगर ऐसे ही चलता रहा तो आने वाला साल भी बच्चों का कहीं खराब न हो जाए। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से दरख्वास्त है और सभापति जी आपसे अनुरोध है कि आप सरकार को निदेश दें कि कोई जम्मूवासी जो सीनियरमोस्ट हो, काबिल हो, उसे वी.सी. नियुक्त करें ताकि वह यूनिवर्सिटी चले और जम्मू के बच्चे तथा नजदीक के राज्यों के बच्चे भी वहां पढ़ सकें। इस तरह जो एक साल उनका छूट गया है, आने वाला साल खराब न हो।

सभापति महोदय : बंसल जी, कृपया इस विषय को संज्ञान में लें। जम्मू की सेंटर यूनिवर्सिटी में वी.सी. जाना चाहिए।